# University in News on 14 April 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 5

### प्रो. निशी पांडेय बनीं समन्वयक

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंग्रेजी विभाग की प्रो. निशी पांडेय को लखनऊ विश्वविद्यालय एल्युमनी फाउंडेशन का समन्वयक मनोनीत किया है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ये कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगा।

## DAINIK JAGRAN



### घर से ही ले रहीं ऑनलाइन क्लास

उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा की पत्नी जय लक्ष्मी की लॉकडाउन में दिनचर्या बदल गई है। घर में काम करने वालों को छुट्टी दे रखी है तो रसोई से लेकर घर की सफाई का भी जिम्मा इन्हीं पर है। घर को खुद से ही सैनिटाइज भी कर रही हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में लेक्चरर हैं, लिहाजा एक जिम्मेदार शिक्षक का धर्म भी निभा रही हैं। वह इन दिनों घर से ही ऑनलाइन क्लास ले रही हैं। पेपर भी तैयार करना है तो यह काम भी दिन में कई घंटे का हो जाता है। फुर्सत मिलने पर लेखन भी करती हैं।

## i-Next Page 4

### एलयू 29 भाषाओं में देगा कोरोना की जानकारी

**LUCKNOW (13 April, inext):** लखनऊ यूनिवर्सिटी की भाषा विज्ञान विभाग की प्रोफेसर कविता रस्तोगी ने केंद्र सरकार की ओर से कोरोना संक्रमण से बचने के लिए दी गई जनकारियों को 15 क्षेत्रीय भाषाओं सहित 29 भाषाओं में ट्रांसलेट किया है. उनके इस कार्य की वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने सराहना की है.इस काम के लिए प्रो. रस्तोगी ने सोसाइटी फॉर एंडेजेंड एंड लैसर नॉन लैंग्वेज टीम की मदद ली है. प्रो. रस्तोगी ने बताया कि 29 भाषाओं पर काम पूरा हो चुका है ये भाषाएं उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, असम और मेघालय में बोली जाती हैं.

**कोरोना के खिलाफ जंग में सही जानकारी की अहम जरूरत**

## HINDUSTAN Page 5

### एलयू शुरू करेगा ऑनलाइन कोर्स

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय भी ऑनलाइन कोर्स शुरू करेगा। ई-कोर्सेज के प्रारूप को लेकर मंथन शुरू हो गया है। एक महीने से लेकर एक साल तक के सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में इसे लाने की तैयारी की जा रही है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि नए सत्र में इन्हें लाने की तैयारी है। लॉक डाउन के चलते भी ई-कोर्स को बल मिला है।